तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जून 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन ...



10 गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग एक ही ...



## खबर संक्षेप

### साई सेवा समिति ने ली बाल विकास की कक्षाएं



**जगदलपुर।** शहर के श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा रविवार को ग्राम कालीपुर में सुबह 10.30 से दोपहर 12 तक बाल विकास की कक्षाएं ली गई, जिसमें 16 बच्चियों एवं 14 बालक उपस्थित रहे। उसके बाद से 3 बजे तक नारायण सेवा का आयोजन किया गया जिसमें बाल विकास के बच्चे एवं 80 ग्रामीणों ने भाग लिया। आस्था निकुंज वृद्ध आश्रम की 12 माताएं एवं शिवानंद आश्रम के बच्चों को भी आश्रम में पहुंच कर स्वामी के प्रसाद का वितरण किया गया।

### बस्तर मुस्लिम डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष बने अकील अहमद

**जगदलपुर।** बस्तर मुस्लिम डेवलपमेंट सोसाइटी की आम सभा आयोजित हुई। बैठक में सर्व सम्मति से पदाधिकारियों को चुना गया। अध्यक्ष अकील अहमद खान, नायब सदर हाजी शेख नवाजुद्दीन गोरे, नायब सदर हाजी अकरम भिनसरा, नायब सदर मोहम्मद हनीफ खान, नायब सदर कसिमुद्दीन कुरैशी, सचिव हाजी अब्दुल रहमान रिजवी, नायब सचिव इस्तियाक मीर, नायब सचिव शेख अब्दुल इरफान (बाबा), कोषाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ खान, कार्यकारिणी सदस्य शेख अब्दुल रियाज (इज्जु), मोहम्मद शकील, मोहम्मद नदीम, मो० रेहान गौरी, गुलशेर मोहम्मद, मोहम्मद शब्बीर कुरैशी, मोहम्मद दिलदार (राजू)।

ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं: देव

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए, समृद्ध और सशक्त भारत का हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विकास, विश्वास, जनकल्याण कारी यात्रा के बेमिसाल 12 साल पूर्ण



ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास, विश्वास और जनकल्याणकारी यात्रा के उपलब्धियों से परिपूर्ण बेमिसाल 12 साल पूर्ण हुए हैं। प्रधानमंत्री ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रधानमंत्री खुद को प्रधानमंत्री नहीं, प्रधानसेवक कहते हैं, 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ दिन और रात समस्त देशवासियों की सतत सेवा कर रहे हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत, समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। उक्त बातें भाजपा कार्यालय में रविवार को आयोजित पत्रवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कही। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन-धन ▶▶|शेष पेज 10 पर

### घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगाए

देश के मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए टैक्स छूट की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर सीधे 12.75 लाख रुपये कर दिया गया है। माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना से 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को फायदा मिला है। बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.5 करोड़ से ज्यादा खाते खोले जा चुके हैं। देश की सुरक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुरक्षाबलों में महिला अफसरों की संख्या 3 हजार से बढ़ाकर सीधे 11 हजार कर दी गई है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगाए गए हैं।

### 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर लाया

श्री देव ने कहा कि मोदी की सरकार ने जनता कर्फ्यू, थाली-ताली अभियान, हर घर तिरंगा और एक पेड़ मां के नाम जैसी सार्थक पहल से देश के 140 करोड़ नागरिकों को एक सूत्र में पिरो दिया है। फिट इंडिया मूवमेंट और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने देश के लोगों में स्वदेशी और अच्छी सेहत के प्रति एक नया भरोसा जगाया है। भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को धरातल पर उतारा है। आज दुनिया के मंच पर भारत एक समाधान देने वाले देश के रूप में मजबूती से खड़ा है। वैक्सीन मैत्री के जरिए मुश्किल वक्त में 99 देशों तक दवाइयां पहुंचाकर भारत दुनिया का सबसे भरोसेमंद दोस्त बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी द्वारा 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर लाया गया है। कांग्रेस शासन काल में गरीब मिट गये, लेकिन गरीबी नहीं मिटी थी।

# 89 यूनिट रक्त संग्रहित रक्तदाताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों ने दिखाई मानवता

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा जिला बस्तर एवं आईपीएस वाइफ्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शासकीय जिला महारानी अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। महारानी अस्पताल में आयोजित शिविर में विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे, सहित अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही। महापौर संजय पांडे ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों, विशेषकर थैलेसीमिया, सिकलसेल और गंभीर एनीमिया से पीड़ति बच्चों के लिए रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। सुबह 10 बजे प्रारंभ हुए शिविर में पहले घंटे में ही 40 से अधिक पुलिस जवानों ने पंजीयन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पत्नी से मारपीट, चाकू लहराकर धमकी देने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी न्यायालय में पेश

अपनी ही पत्नी पर शक करते हुए मारपीट कर चाकू लहराकर धमकी देने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रार्थिया की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थिया ने बताया कि उसका सुनील ठाकुर 42 वर्ष निवासी तेतरखूंटी शक के आधार पर शराब के नशे में घर आकर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से मना करने पर अपने पास रखे धारदार चाकू दिखा कर लहराते हुए गुंडागर्दी कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया है। रिपोर्ट पर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी की पता साजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू जब्त कर उसके खिलाफ धारा 296,115 (2), 351(3) बीएनएस, 25 (1-ख ), (ख ), 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक ▶▶|शेष पेज 10 पर

# वाहन में पुलिस लिख गांजा तस्करी, फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- छुईखदान गंडई स्थित निवास से किया गया गिरफ्तार
- आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल



पुलिस को चकमा देने स्कार्पियो वाहन में पुलिस लिखा प्लेट व लालबती लगाकर गांजा की तस्करी करने वाला फरार आरोपी को नगरनार पुलिस की टीम ने खैरागढ़ के छुई खदान गंडई स्थित निवास से गिरफ्तार करने में सफल रही।

फरार आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश एवं सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी। गौरतलब है कि लगभग सात माह पूर्व 5 नवम्बर 2025 को नगरनार पुलिस ने स्कार्पियो वाहन में पुलिस लिखे प्लेट, सायरन व लालबती लगाकर नंबर प्लेट बदलकर गांजा की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में एक आरोपी दीपक पटेल 31 वर्ष निवासी ग्राम बुड़ासागर थाना गंडई जिला खैरागढ़ छुई खदान गंडई फरार हो गया था।नगरनार थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि घटना दिनांक को स्कार्पियो वाहन कमांक सीजी 04 पीडब्लू 8248 में दो व्यक्ति गांजा रखकर ओडिशा से जगदलपुर की ओर आ रह थे। स्कार्पियो वाहन का चालक धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास पुलिस नाकाबंदी ▶▶|शेष पेज 10 पर



# मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण

## पंजीयन से भुगतान प्रक्रिया तक की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी संचालन एवं हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में योजना के पंजीयन, सत्यापन, भुगतान प्रक्रिया एवं ऑनलाइन पोर्टल संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, ताकि पात्र महिलाओं को पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके।

**मास्टर ट्रेनरों ने समझाई पात्रता और प्रक्रिया** – कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, किस्त भुगतान प्रक्रिया और पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि की जानकारी दी। साथ ही सुपरवाइजर एवं ऑपरेटरों की जिम्मेदारियों पर भी प्रकाश डाला गया।

**बायोमेट्रिक सत्यापन और समस्या समाधान पर जोर** – प्रशिक्षण में बायोमेट्रिक सत्यापन, जांच प्रक्रिया, शिकायत निवारण एवं पोर्टल संचालन से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विशेष चर्चा की गई।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मिलेगा लाभ** – योजना का उद्देश्य गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर स्वास्थ्य संबंधी बेहतर व्यवहार को बढ़ावा देना है। दूसरी संतान के रूप में बालिका जन्म पर अतिरिक्त सहायता राशि भी प्रदान की जाती है।



### पोर्टल संचालन का कराया गया व्यावहारिक अभ्यास

प्रतिभागियों को पोर्टल संचालन का हैंड्स–ऑन प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे योजना के क्रियान्वयन में आने वाली तकनीकी चुनौतियों का बेहतर समाधान कर सकें।

### बेहतर क्रियान्वयन की जताई उम्मीद

प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण से योजना के संचालन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी तथा अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभ मिल सकेगा।

## खबर संक्षेप

### केशकाल नपं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होंगे चंदेल




**केशकाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रविवार को राज्य के विभिन्न नगर निकायों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तबादले का आदेश जारी किए है। जारी सूची में स्थानीय नगर पंचायत से जुड़े अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। जारी आदेश में नगर पालिका कोंडागांव में पदस्थ प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (राजस्व निरीक्षक) देवेश चंदेल का तबादला कर उन्हें नगर पंचायत केशकाल का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है। वहीं केशकाल नगर पंचायत में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में कार्यरत नामेश्वर कुमार कावड़े को नगर पालिका परिषद बड़ेबचेली स्थानांतरित किया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि वे अपने मूल पद सहायक ग्रेड-02 पर वापस जाएंगे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू हो रहे नागरिक



**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर में आयोजित तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 12 से 14 जून तक बंधा तालाब गार्डन के सामने आयोजित इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचकर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रदर्शनी में छायाचित्रों एवं एलईडी स्क्रीन के जरिए पिछले 12 वर्षोंर् में संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। आगंतुकों को योजनाओं के उद्देश्य, लाभ और समाज पर उनके प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल इंडिया, विकसित भारत संकल्प, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत संरचना विकास से जुड़े कार्यों की झलक भी प्रस्तुत की गई है। प्रदर्शनी में आने वाले नागरिकों को जनमन पत्रिका का वितरण भी किया जा रहा है। इसके अलावा शासकीय योजनाओं पर आधारित रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया जा रहा है कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं ने देशभर में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## दुर्घटना : कोडागांव जिले के कोपरा छिंदली में शाम की घटना

# गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग एक ही परिवार के चार सदस्य झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- एक महिला को रायपुर किया गया रिफर

कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत कोपरा छिंदली में शनिवार की शाम करीब 6 बजे घरेलू सिलेंडर में गैस रिसाव होने के कारण अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने से एक ही परिवार के चार सदस्य इसकी चपेट में आकर झुलस गए। इनमें एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, गांव के एक घर में गैस सिलेंडर में रिसाव होने के कारण आग लग गई। आग से परिवार के चार सदस्य झुलस गए। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल कोण्डागांव रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बीसोइन बाई मरकाम (46 वर्ष) पति गागरु राम मरकाम की हालत गंभीर पाए जाने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा गया। घायलों में गागरु राम मरकाम (56 वर्ष), पिता सुकडू राम मरकाम तथा आकाश मरकाम (24 वर्ष), पिता जय सिंह मरकाम का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं सुदामा मरकाम (60 वर्ष), पिता ढुसी राम मरकाम को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।



### जांच जारी

*घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है।*

### गैस रिसाव होने पर बरते सावधानी

*घर में गैस सिलेंडर को लेकर सावधानी बरतें। रिसाव होने पर गैस की सुगंध आने पर बिजली का बटन ना चालू करें सिलेंडर का नाब बंद करें। घर के सभी दरवाजे खोले दें। अगर हो सके सभी सदस्य घर के बाहर आ जाएं। गैस की खुशबू आना बंद होने पर भी घर में जाएं और सिलेंडर को अच्छे से चेक करें। उसके बाद कंपनी या गैस चूल्हा बनाने वाले या गैस सिलेंडर संबंधी जानकारी रखने वाले को बुलाकर दिखाएं। उसके बाद उसका उपयोग करें।*

# प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के लिए पुलिस का आरोहण अभियान शुरू



**कोण्डागांव।** जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कोंडागांव पुलिस ने सराहनीय पहल की है। पुलिस विभाग द्वारा आरोहण अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री स्निग्धा सलामे के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है। जिला पुलिस का मानना है कि शिक्षा और मार्गदर्शन के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।आरोहण अभियान के अंतर्गत अभ्यर्थियों को पीएससी, सीजीपीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम, रीजनिंग, गणित तथा छत्तीसगढ़ विशेष अध्ययन जैसे विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं के –ष्टिकोण से उपयोगी छत्तीसगढ़ समसामयिक 2026 पुस्तक का भी विमोचन एवं प्रचार–प्रसार किया। बताया गया कि यह पुस्तक राज्य स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी संदर्भ सामग्री सिद्ध होगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के उच्च स्तरीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपने करियर को नई दिशा दे सकें।

# आज के बाद मछलियों के शिकार पर लगेगा 25 हजार का जुर्माना



**कोण्डागांव।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन और मत्स्य संसाधनों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक प्रदेश के सभी नदी–नालों, जलाशयों और अन्य प्रा—तिक जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

जिला मछलीपालन विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा 3(2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को 'बंद ऋतु क्लोज सीजन' घोषित किया गया है। इस दौरान प्रा—तिक जल स्त्रोतों में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे छोटे तालाब या जल स्त्रोत, जिनका किसी नदी या नाले से संपर्क नहीं है, तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर गतिविधियां इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। सहायक संचालक मछलीपालन ने बताया कि वर्षा ऋतु मछलियों के प्रजनन का महत्वपूर्ण समय होता है। इस अवधि में मत्स्याखेट पर रोक लगाने से मछलियों की संख्या और उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे भविष्य में मछुआरों और मत्स्य पालकों को दीर्घकालिक लाभ मिलता है।

**उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई** – विभाग ने आमजन से अपील की है कि प्रतिबंध अवधि का पालन करें। छत्तीसगढ़ जन विश्वास प्रावधानों का संशोधन द्वितीय अधिनियम, 2025 के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 25,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# धनोरा के बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार में पहुंचे सांसद भोजराज



**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत जिले का अंतिम जिला स्तरीय शिविर जनपद पंचायत केशकाल के ग्राम पंचायत धनोरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांकेर सांसद भोजराज नाग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा स्वी—तियां एवं सामग्री का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सांसद श्री नाग ने कहा कि शासन की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और अन्य पात्र लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

**पारदर्शी और समयबद्ध लाभ देने का भरोसा** – कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा।

**जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे उपस्थित** – इस अवसर पर पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी राकेश पोटाई, जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, जनपद सदस्य हिरमो कुंजाम, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ओडारगांव में साइबर अपराधों से बचाव के लिए पुलिस ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में संचालित "सहयोग चौपाल" अभियान के तहत थाना अनंतपुर क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम ओडारगांव में विशेष चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका समाधान करना तथा कानून, सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था।

पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री स्निग्धा सलामे के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में आयोजित चौपाल में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, गायता, पुजारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर गांव की समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि फिलहाल गांव में जमीन विवाद, अतिक्रमण या अन्य गंभीर कानून–व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें। अनजान लिंक पर क्लिक करने, सोशल मीडिया पर आधार कार्ड, बैंक पासबुक या अन्य निजी दस्तावेज अपलोड करने से बचने की सलाह दी गई। साथ ही ऑनलाइन पैसे दोगुने करने, बिना ब्याज ऋण देने या ऑनलाइन सट्टे जैसे प्रलोभनों से दूर रहने और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल टोल–फ्री हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की अपील की गई। ग्रामीणों ने कहा कि इससे पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास बढ़ रहा है तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच उपलब्ध हो रहा है।

**बाल विवाह, पॉक्सो कानून, यातायात संबंधी नियमों की भी दी जानकारी-** चौपाल में नाबालिगों के बाल विवाह पर रोक, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों तथा यातायात नियमों की भी जानकारी दी गई। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन के वैध दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस रखने के महत्व पर जोर दिया गया। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल 112 सेवा के उपयोग की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

## पेज 9 के शेष...

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में...

योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गये, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। इलाज के खर्च से गरीबों को राहत के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं, जिससे मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से भी 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को एक मजबूत सुरक्षा कवच मिला है। गांवों के विकास के लिए जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से साफ पानी पहुंचाया जा चुका है। पत्रवार्ता में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय, महापौर संजय पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, कमलचंद्र भंजदेव, योगेन्द्र पाण्डेय, परीसराम बेसरा, आर्येंद्र सिंह आर्य शामिल रहे।

### 89 यूनिट रक्त का...

कराकर रक्तदान किया। दिनभर चले शिविर में 89 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि चिकित्सकीय जांच में अयोग्य पाए जाने के कारण 43 इच्छुक रक्तदाताओं का रक्त नहीं लिया जा सका। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। महिलाओं ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर सक्रिय रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में आईजी सुंदरराज पी., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद, रेडक्रॉस उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर चेरियन, जिला कोषाध्यक्ष ऋषि भटनागर सहित रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, चिकित्सक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**रक्त किसी जरुरतमंद के जीवन को बचा सकता-** महारानी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने रक्तदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। रक्तदान से पूर्व प्रत्येक दाता के वजन, हीमोग्लोबिन स्तर एवं रक्तचाप की जांच की गई। चिकित्सकीय रूप से पूर्णतः स्वस्थ पाए जाने पर ही रक्तदान की अनुमति दी गई। रक्तदान के पश्चात सभी रक्तदाताओं को ओआरएस घोल, फल एवं अल्पाहार प्रदान किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सभी रक्तदाताओं को उनकी असाधारण सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचा सकता है।

### पत्नी से मारपीट कर...

टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, पीएसआई नागेंद्र सिंग, प्रिया यादव, निर्मला सिदार, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, पवन, सोनामनी, आरक्षक होरी लाल आर्मो, कामदेव दर्रो व दीपक मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### वाहन में पुलिस लिख व...

को देखकर नाकाबंदी स्थान से कुछ दूरी पर वाहन को छोड़कर अपने साथी के साथ अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। वाहन जब्त कर पुलिस ने 5 लाख 66 हजार रुपए का गांजा बरामद कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

**न्यायिक रिमांड पर भेजा गया-** इसी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम को खैरागढ़ छुई खदान गंडई रवाना किया गया था जिसे उसके निवास से पकड़कर हिरासत लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गिरफ्तार वाहन चालक बेलसाजर खलखो के साथ मिलकर गांजा तस्करी किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई महेन्द्र सिंह ठाकुर, सतीश तिवारी व आरक्षक बलराम कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बिहान मिशन के तहत महिला किसानों की आय बढ़ाने पर मंथन

# लखपति दीदी अभियान को गति देने आईएफसी पर बैठक व कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत लाखपति दीदी पहल को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड फामिंर्ग क्लस्टर आईएफसी संबंधी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन उड़ान महिला कृषक उत्पादक कंपनी, चिखलपुटी में किया गया।

**61 गांवों की महिला किसानों को मिलेगा लाभ** – बैठक में बताया गया कि जिले के 61 चयनित गांवों में प्रत्येक गांव की 50 महिला किसानों को मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन एवं मक्का उत्पादन जैसी गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

**महिला कृषक उत्पादक कंपनियों की भूमिका पर चर्चा** – उड़ान महिला कृषक उत्पादक कंपनी चिखलपुटी एवं मांझीनगढ़ महिला कृषक उत्पादक कंपनी विश्रामपुरी के कायोंर् की समीक्षा करते हुए महिला किसानों के लिए बेहतर बाजार एवं संसाधन उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई।

**नैनो उर्वरकों के उपयोग की दी जानकारी** – कृषि विभाग के उप संचालक ने महिला किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग तथा उनके लाभों की जानकारी दी। साथ ही कृषि गतिविधियों में विभागीय मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**पशुपालन गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा** – पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने महिला किसानों को पशुपालन मार्गदर्शिका, टीकाकरण अभियान और विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर पशुपालन आधारित आजीविका को मजबूत करने पर जोर दिया।

**मांग आधारित कार्ययोजना बनाने के निर्देश** – आईएफसी एंकरों को कृषि बीज, खाद, कृषि उपकरण तथा पशुपालन से जुड़े संसाधनों की मांग आधारित कार्ययोजना तैयार कर समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**महिलाओं को 'लाखपति दीदी' बनाने पर विशेष फोकस** – बैठक में महिला किसानों की आय बढ़ाने, आजीविका गतिविधियों को विस्तार देने तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर 'लाखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष जोर दिया गया।

**नियमित समीक्षा और समय पर मानदेय भुगतान के निर्देश** – जिले के सभी महिला संकुल संगठनों के अध्यक्षों को कैडर कायोंर् की नियमित समीक्षा करने तथा संबंधित कर्मियों को समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 को

**बीजापुर।** नशापान की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशापान की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क, पंचायत, आबकारी तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशामुक्ति संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के दौरान नशा पीड़ति व्यक्तियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी तथा नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के तहत सोशल मीडिया पर प्रेरक स्लोगन, संदेश एवं चित्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर योग के माध्यम से नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

### एकलव्य विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती

**जगदलपुर।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत अतिथि शिक्षकों के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय धुरगुड़ा में 30 जून को प्रातः 9 बजे से संध्या 7 बजे तक वाक इन इंटरव्यू आयोजित की जाएगी। इस साक्षात्कार में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी गूगल फार्म के माध्यम से 21 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

# पगडंडियों और जंगली कच्चे रास्तों से मुक्ति, अब एंचोडा तक दौड़ेगी विकास की गाड़ी

## चार पुलियों के साथ तैयार हो रही 8.50 किमी सड़क, जून में काम होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

भोपालपटनम विकासखण्ड के अंतर्गत एल-051 टी-05 से एंचोडा तक 8.50 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य ग्रामीणों के लिए विकास की नई राह लेकर आया है। वर्ष 2018-19 में स्वीकृत इस परियोजना के तहत 8.50 किलोमीटर मिट्टीकरण एवं मुरूमीकरण सड़क के साथ 4 पुलियों का निर्माण किया गया है। कार्य अंतिम चरण में है और जून माह में पूर्ण होने की संभावना है। सड़क निर्माण से पहले एंचोडा और आसपास के ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पगडंडियों, जंगल के रास्तों और कच्चे मार्गों का सहारा लेना पड़ता था।

विशेषकर बरसात के दिनों में कीचड़, गड्ढों और पुल-पुलियों के अभाव के कारण आवागमन लगभग बाधित हो जाता था। स्कूली बच्चों को विद्यालय पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाना भी चुनौतीपूर्ण था। किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने और आवश्यक सामग्री लाने में काफी समय और अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था। प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभागीय कर्मचारियों को भी गांवों तक पहुंचने में कठिनाई होती थी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब होता था।

### मुख्यालय से सीधा संपर्क

अब सड़क निर्माण के बाद एंचोडा का संपर्क मुख्य मार्ग, बाजार केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र तथा विकासखंड मुख्यालय से सीधे जुड़ गया है। विद्यार्थियों की शिक्षा, किसानों की आजीविका और ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों से जुड़े कार्य पहले की तुलना में अधिक सुगम हो गए हैं। कृषि उपज को बाजार तक पहुंचाना आसान हुआ है तथा राशन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए भी कम समय में मुख्यालय तक पहुंचा जा सकता है।



### शासन-प्रशासन की पहुंच बढ़ी

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन बेहतर हुआ है, बल्कि गांव के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिली है। वहीं शासन-प्रशासन की पहुंच बढ़ने से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी समय पर ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। सड़क ने एंचोडा के विकास की राह को और अधिक मजबूत बनाया है।

## बस्तर को सिक्किम की तर्ज पर पूर्ण जैविक बनाने का आह्वान

# आधुनिकता की होड़ में रासायनिक खादों से हम अपनी धरती माता को दे रहे कष्ट : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

खेत बचाओ अभियान तथा जैविक कृषि मेला का गरिमामय आयोजन कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभागार में शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर जिले के भारी संख्या में प्रगतिशील किसानों, वैज्ञानिकों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप और महापौर संजय पांडे ने किसानों की उन्नति, भूमि संरक्षण और वैकल्पिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर विशेष बल दिया।

- खेत बचाओ अभियान व जैविक कृषि मेला का आयोजन

इस दौरान देव ने आधुनिकता और जल्दी परिणाम पाने की होड़ में डीएपी और यूरिया जैसे रासायनिक ऊर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खादों से हम अपनी धरती माता को कष्ट दे रहे हैं, जिससे भूमि की ऊर्वरा शक्ति लगातार कम होती जा रही है और यूरिया खेतों को उपजाऊ बनाने के बजाय उन्हें अंदर से जला रहा है। उन्होंने पुराने समय को याद करते हुए साझा किया कि पहले जब हमारे बुजुर्ग केवल गोबर खाद का इस्तेमाल करते थे, तब फसलों और अनाज की खुशबू से पूरा खलिहान और घर महक जाता था। आज इसी रासायनिक असंतुलन के कारण खान-पान और हवा-पानी सब प्रदूषित हो रहा है, जिसका दुष्परिणाम सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और हार्ट, किडनी, लिवर व फेफड़ों जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

इन समस्याओं से निपटने के लिए उन्होंने बस्तर के किसानों से वापस अपनी जड़ों की ओर लौटने और जैविक व प्राकृतिक खेती को अपनाने की पुरजोर अपील की, जो कि बस्तर की असली पहचान भी है। उन्होंने पूर्वोत्तर के छोटे से राज्य सिक्किम का उदाहरण देते हुए कहा कि क्षेत्रफल में हमारा बस्तर सिक्किम से भी बड़ा है और जब वह राज्य 100 प्रतिशत जैविक खेती अपनाकर देश का पहला पूर्ण जैविक राज्य बन सकता है, तो बस्तर भी यह मुकाम हासिल कर सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम, शहीद डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ गणेश नाग, कृषि विभाग के उपसंचालक राजीव श्रीवास्तव और विभागीय अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।



### मिट्टी संरक्षण ही कृषि की रीढ़

जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कृषि और मिट्टी संरक्षण के गंभीर विषय पर गहन चर्चा की। उन्होंने मिट्टी संरक्षण को कृषि की रीढ़ बताते हुए सचेत किया कि रासायनिक खादों के उपयोग से भूमि की उपजाऊ क्षमता समाप्त हो रही है। उन्होंने किसानों से अधिक उपज की होड़ छोड़ टिकाऊ खेती पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इसके समाधान के रूप में उन्होंने किसानों को अनिवार्य रूप से वैज्ञानिक तरीके से मृदा परीक्षण (मिट्टी की जांच) कराने और रिपोर्ट के आधार पर ही संतुलित मात्रा में जैविक, हरी व गोबर खाद का उपयोग करने की सलाह दी, जिससे लागत घटेगी और फसलों की गुणवत्ता बेहतर होगी।

### रासायनिक खादों का त्याग कर जैविक खेती अपनाएं किसान

महापौर संजय पाण्डे ने किसानों को राष्ट्र का वास्तविक निर्माता और कृषि को शास्त्रों के अनुसार श्रेष्ठ कर्म बताया। रासायनिक खादों से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे हानिकारक प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने किसानों को जैविक खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि और फसल बीमा की सराहना की और कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वे आधुनिक तकनीकों तथा ज्ञान को सीधे खेत-खलिहानों तक पहुंचाएं ताकि किसान आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर किसानों को मूंग और ढेंचा का बीज भी वितरित किया गया, ताकि खरीफ की बोआई और रोपाई के पहले इन्हें तैयार कर प्राकृतिक खाद के रूप में उपयोग किया जा सके। इसके साथ ही किसानों को रागी बीज का वितरण भी किया गया, ताकि किसान फसल विविधता के लिए प्रोत्साहित हो सकें।

## हितग्राहियों को समय पर मिले लोन और सरकारी योजनाओं का लाभ : कलेक्टर



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति, बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण तथा वित्तीय समावेशन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- डीएलसीसी की बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और प्रभावी रूप से पहुंचाना सभी विभागों एवं बैंकों की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा 1 जून से 30 जून तक संचालित ''खेत बचाओ अभियान'' के अंतर्गत अधिक से अधिक नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के लिए कुटरू एवं बासागुड़ा में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नई शाखाएं खोलने का प्रस्ताव नोडल अधिकारी छोटेलाल यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, शिकायत निवारण, बैंकिंग जागरूकता अभियान तथा ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा भी की गई। बैठक के दौरान बैंक क्रेडिट लिंकेज, स्व-सहायता समूहों के बैंक खातों, समूह बीमा योजनाओं की प्रगति तथा दोहरी प्रमाणीकरण (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई।



## इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने किया पूंजीगुड़ा एनीकट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जीवनदायिनी इंद्रावती नदी पर स्थित पूंजीगुड़ा एनीकट के प्रस्तावित मरम्मत कार्य स्थल का जमीनी निरीक्षण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने एनीकट के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन किया और वहां हो रहे पानी के रिसाव (लीकेज) तथा क्षतिग्रस्त हो चुके ढांचों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान समिति ने जलभराव और सुरक्षा को लेकर संबंधित ठेकेदार को मौके पर ही विभिन्न स्थानों पर हो रहे लीकेज के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पदाधिकारियों ने कहा कि एनीकट का मरम्मत कार्य पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इंद्रावती नदी और उससे जुड़ी सभी जल संरचनाओं का संरक्षण क्षेत्र के पर्यावरण और भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से मांग की कि एनीकट की मरम्मत का पूरा कार्य निर्धारित सरकारी मानकों के अनुरूप ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि पानी का रिसाव पूरी तरह बंद हो सके और जल का सही संचय हो।

## भिक्षावृत्ति और कचरा बीनने वाले बच्चों को रेस्क्यू कर मुख्यधारा से जोड़ेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर जीवन यापन करने को मजबूर बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में 1 जून से 30 जून 2026 तक विशेष पुनर्वास अभियान संचालित किया जा रहा है।

- 'बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए', बाल श्रम और भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान शुरू

अभियान का उद्देश्य बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, कचरा बीनने तथा परिवार से बिछड़े बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल रेस्क्यू करते हुए सुरक्षा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन से जोड़ना है। ''बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए'' थीम पर आधारित इस अभियान के तहत बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है।



अभियान के अंतर्गत सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बालगृह एवं आश्रय गृहों में प्रवेश, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, शिक्षा तथा मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जहां संभव होगा, बच्चों का परिवार से पुनर्मिलन कराया जाएगा, अन्यथा उनके दीर्घकालिक पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक तथा बीजादूतिर स्वयंसेवकों को मिलाकर 'चिन्हांकन की पंचशक्ति' का गठन किया गया है। यह टीम गांव-गांव सर्वेक्षण कर ऐसे बच्चों की पहचान करेगी जो सड़क पर घूमते, अकेले रहते या भिक्षावृत्ति जैसी गतिविधियों में संलग्न हैं। बाल श्रम, शोषण और मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस, श्रम, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग भी संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे।

## बस्तर में 28 जून को 1.20 लाख बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

जिले में आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। मंगलवार को कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक हुई । कलेक्टर ने जिला स्तर के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने मैदानी अमले से बेहतर समन्वय स्थापित करें और प्रत्येक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें ताकि अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा सके।

- बाजार, मेले, मड़ई, ईंट भट्ठों, भवन निर्माण स्थलों, घुमंतू बस्तियों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों में पिलाई जाएगी खुराक

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने बताया कि 0 से 5 वर्ष की आयु के कुल 120,804 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में 498 बूथ बनाए गए हैं, जिनकी निगरानी के लिए 100 सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। इसके साथ ही 1992 टीकाकरण कर्मी, 20 मोबाइल टीमें और 24 ट्रांजिट टीमें मैदान में मुस्तैद रहेंगी। जगदलपुर शहरी क्षेत्र में 72 बूथ स्थापित किए गए हैं। प्रशासन ने इस बार विशेष रणनीति अपनाई है, जिसके तहत बाजार, मेले, मड़ई, ईंट भट्ठों, भवन निर्माण स्थलों, घुमंतू बस्तियों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मोबाइल टीमें सक्रिय रूप से तैनात रहेंगी ताकि वहां आने-जाने वाले हर एक बच्चे को पोलियो की खुराक मिलना सुनिश्चित किया जा सके।

### भारत में एक भी पॉजिटिव मामला नहीं

भारत में वर्तमान में पोलियो का कोई भी पॉजिटिव मामला नहीं है और देश में 2011 से छत्तीसगढ़ में 2002 से तथा बस्तर जिले में 1996 से पोलियो का कोई भी नया प्रकरण सामने नहीं आया है। लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है। पड़ोसी देशों, विशेषकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के पॉजिटिव केस लगातार मिल रहे हैं, जिसके कारण हमारे देश पर भी संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है।

### 3 दिन पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

पूरे भारत वर्ष में 28 जून को निर्धारित बूथों पर और इसके बाद अगले दो दिनों 29 व 30 जून को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। ताकि पोलियो के विरुद्ध हर्ड इम्युनिटी को मजबूत किया जा सके और वातावरण में मौजूद वाइल्ड पोलियो वायरस को पूरी तरह निष्क्रिय किया जा सके।

## नौ मंडल में भाजपा किसान मोर्चा की नई टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने को भाजपा जिले के 9 मण्डलों में किसान मोर्चा की नई कार्यकारिणी टीम की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने लोहण्डीगुड़ा, बस्तर, बकावण्ड, सरगीपाल, करपावण्ड, बास्तानार, दरभा, जगदलपुर पूर्वी और पश्चिमी नगर मण्डल में किसान मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी घोषित की है।

- जिला अध्यक्ष ने जारी की कार्यकारिणी की सूची

लोहण्डीगुड़ा मण्डल में अध्यक्ष डमरू भारद्वाज, उपाध्यक्ष झितरू कश्यप, सूकडु राम मौर्य, टंकेश्वर बघेल, महामंत्री पंचानन्द पाण्डे व फाल्गुनी पटेल, मंत्री दिनेश पाण्डे, मुरलीधर कश्यप, रैसिंह नाग, कोषाध्यक्ष चेरंगा बघेल, मीडिया प्रभारी ईश्वर बघेल सोशल मीडिया प्रभारी कुमलाल मण्डावी बनाये गये हैं।

बस्तर मण्डल में अध्यक्ष अन्तोराम कश्यप, उपाध्यक्ष नड़गुराम नाग, प्रेम सिंह कश्यप, लखमु कश्यप, महामंत्री नारायण कश्यप व सायातु राम कश्यप, मंत्री भोजसिंह ठाकुर , दिनेश कश्यप, चतुर कश्यप, कोषाध्यक्ष रमेश कश्यप, मीडिया प्रभारी केशव कश्यप व कार्यालय प्रभारी महेश राम कश्यप को बनाया गया है।

बकावण्ड मण्डल में अध्यक्ष उमेश बिसाई, उपाध्यक्ष गंगा बिसाई, मनीराम बघेल, महामंत्री काशीनाथ नायक व जोगी कश्यप, मंत्री कार्तिक कश्यप, डमरू कश्यप, कोषाध्यक्ष सोनसाय कश्यप और मीडिया प्रभारी देवनाथ कश्यप नियुक्त हुए हैं।

सरगीपाल मण्डल में अध्यक्ष नरेन्द्र सेठिया, उपाध्यक्ष चन्दन सिंह बघेल, बलीराम बघेल, महेन्द्र कश्यप, महामंत्री हेमराज कश्यप व तुलसी माली, मंत्री खेमसिंह ठाकुर, बनसाय कश्यप, श्याम दास बघेल, कोषाध्यक्ष गोविंद बिसाई, सह कोषाध्यक्ष दलपति बघेल व सोशल मीडिया प्रभारी बेणुधर नाग बने हैं।

करपावण्ड मण्डल में अध्यक्ष जगन कश्यप, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम कश्यप, दलगंजन, कुलधर, महामंत्री चन्दन कश्यप व हीराराम बघेल, मंत्री गणेश बघेल, कुमत्ती कोर्राम, पारेश्वर कश्यप, कोषाध्यक्ष कुंजबिहारी बघेल, सह कोषाध्यक्ष जानती बघेल और मीडिया प्रभारी लच्छिननाथ बनाये गये हैं।

बास्तानार मण्डल में अध्यक्ष अर्जुन पोयाम, उपाध्यक्ष बुधराम पोयाम, मंगलु करटाम, बामन मरकाम, महामंत्री बिजा पोड़ियाम व लखमो पोयाम, मंत्री संतोष कश्यप, मुकेश कुमार साहू, पायको बेड़ता, मीडिया प्रभारी रतू मुरामी व कार्यालय प्रभारी बामन मुचाकी नियुक्त किये गये हैं।

दरभा मण्डल में अध्यक्ष अनंत कश्यप, उपाध्यक्ष मयाराम नाग, बलीराम मांझी, लिबरूराम नाग, महामंत्री मंगलूराम व लालाराम नाग, मंत्री गंगाराम कोर्राम, मंगलराम, नीलू राम, कोषाध्यक्ष रामेश्वर नाग, सह कोषाध्यक्ष सामदेव नाग, मीडिया प्रभारी संजू कुमार सेठिया व सह मीडिया प्रभारी सीताराम मौर्य बने हैं।

जगदलपुर पूर्वी नगर मण्डल में अध्यक्ष पप्पू कश्यप, उपाध्यक्ष मोतीराम बघेल, अशोक तिवारी, महामंत्री जी. नागेश्वर राव व अरूण यादव, मंत्री अरविंद मिश्रा, ताकेश्वरी राव, कोषाध्यक्ष हरीश नायडु, सहकोषाध्यक्ष हेमलता ठाकुर, मीडिया प्रभारी सुशील प्रसाद, सोशल मीडिया प्रभारी आदर्श मौर्य और कार्यालय प्रभारी ननकु द्विवेदी बनाये गये हैं।

जगदलपुर पश्चिम नगर मण्डल में अध्यक्ष वेणुधर पाणिग्राही, उपाध्यक्ष टेकसिंह ठाकुर, चन्दन सिन्हा, सुमनी ठाकुर, महामंत्री आनंद मिश्रा व रवि पटनायक, मंत्री कुणाल सूर्यवंशी, गजेन्द्र पगाडे, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र यादव, सहकोषाध्यक्ष श्यामकुमारी यादव, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र यादव, सोशल मीडिया प्रभारी खिलेन्द्र ठाकुर व कार्यालय प्रभारी सिकन्दर दास बने हैं।

## एसपी को मिला कर्म श्री सम्मान, एमए रहीम 'कला श्री' से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

संगीत संस्था कलरव ने बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा का बेहतर पुलिसिंग, विभागीय समन्वय, पब्लिक रिलेशन और 31 मार्च को हुए नक्सल मुक्त बस्तर के लिए कर्म श्री सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर एसपी श्री सिन्हा ने बस्तर के अपने अनुभव को शानदार बताया और बस्तर की शांति के लिए बस्तर आईजी सुंदरराज पी के योगदान को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में बस्तर के 3 जिलों का अनुभव बेहतरीन रहा और बस्तर में शांति का वातावरण निर्मित हुआ है उसमें आईजी की रणनीति कारगर रही। इसी क्रम में सांस्कृतिक क्षेत्र में दीर्घ अनुभव और योगदान के लिए वरिष्ठ उद्घोषक एमए रहीम को कला श्री सम्मान दिया गया। मौके पर उनकी पत्नी नसरीन मुद्रवी भी मौजूद रहीं। श्री रहीम 5 दशक से बस्तर के कला क्षेत्र की धुरी बने हुए हैं। उनके अनुभव का लाभ आकाशवाणी और दूरदर्शन ने सेवा निवृति के बाद लगातार 18 साल लिया इसी से उनकी निष्ठा, ऊर्जा और रूचि का पता चलता है। इस अवसर पर एमआईसी के संग्राम सिंह राणा, रणजीत गौतम, निशांत मिश्रा और कलरव एडमिन अफजल अली शामिल रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शिविर में 139 पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण

**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ द्वारा 14 जून को ग्राम कोदागांव में एक व्यापक पशु चिकित्सा सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहिनी की टीम ने गांव के 22 ग्रामीणों के कुल 139 पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण, दवा वितरण एवं प्राथमिक उपचार कर उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की। कार्यक्रम के दौरान पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं तथा टीकाकरण संबंधी अभिलेख भी तैयार किए गए। सशस्त्र सीमा बल की टीम ने ग्रामीणों को पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, समय पर टीकाकरण तथा बीमारियों की रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

### कोरर में निः शुल्क छह दिनी योग शिविर 16 से

**धनेलीकन्हार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति कोरर द्वारा 16 से 21 जून तक कृषि उपज मंडी प्रांगण कोरर में छह दिवसीय निःशुल्क योगाभ्यास शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक चलेगा, जिसका शुभारंभ ग्राम पंचायत कोरर की सरपंच कंचन ठाकुर करेंगी। योग शिक्षक रामसिंह धनकर एवं बिहारी लाल यदु कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग, प्राणायाम और ध्यान का प्रशिक्षण देंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य सामूहिक योग प्रदर्शन होगा।

### हाईवा की टक्कर से एक महिला की मौत, 3 घायल

**कांकेर।** नरहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साल्हेटोला के पास शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भीमाडीह निवासी प्रभुराम वट्टी अपनी पत्नी कुमारी बाई वट्टी, दो वर्षीय बच्ची त्रिषा वट्टी तथा रिश्तेदार सुकबती मरकाम के साथ मोटरसाइकिल से साल्हेटोला बाजार जा रहे थे। इसी दौरान साहू सदन के पास पीछे से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 07 सीएफ 3447 के चालक ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए।

# सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पूरी ऊर्जा के साथ जुटें कार्यकर्ता : देव

## बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और कार्य योजनाओं पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी की संभागीय व जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को हुई। इस दौरान संगठन की आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा और आगामी कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव और वन मंत्री केदार कश्यप का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता और मजबूत बूथ नेटवर्क हैं। उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाएं। प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने विस्तृत चर्चा करते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय की और बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए एक ठोस रणनीति साझा की। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, संभागीय सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने संबोधित किया।

इस दौरान सांसद महेश कश्यप , विधायक विनायक गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट, शिवनारायण पाण्डेय, टेकेश्वर जैन, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप,महापौर संजय पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, लच्छू राम कश्यप, बैदूराम कश्यप, सुधीर पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी हेमंत पाणिग्रही, योगेन्द्र पाण्डेय ,परीसराम बेसरा, आर्येंद्र सिंह आर्य सहित पदाधिकारी, अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठों के संयोजक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### जनसेवा का संकल्प हो प्राथमिकता

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि सांगठनिक मजबूती के साथ-साथ विकास कार्यों और जनसेवा के संकल्प को हर घर तक ले जाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विभाग और संगठन के समन्वय से कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के मोर्चों पर तेजी से काम करके अटूट जनविश्वास अर्जित किया है।

## ग्रामीणों से सीधे किया संवाद, पीएम आवास योजना की प्रगति जांची

# विधायक ने चिंगपाल में इमली पेड़ के नीचे लगाई चौपाल, योजनाओं का लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पद्मनी का कराया गृह प्रवेश, हितग्राही ने पीएम मोदी का जताया आभार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 साल बेमिसाल पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक किरण सिंह देव ने दरभा मंडल के ग्राम चिंगपाल में पहुंच इमली पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। विधायक ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व 12 साल के विकास कार्यों के संबंध में ग्रामीणजनों से फीडबैक लिया और जनहित के कार्य पर चर्चा की। जिसमें केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में ग्रामीणजनों से सीधे चर्चा किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक एवं जन प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही श्रीमती पद्मनी के आवास का विधिवत पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश भी कराया। हितग्राही श्रीमती पद्मनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।



केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर ग्रामजनों, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ग्राम पंचायत चिंगपाल पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं लोगों से भेंट मुलाकात कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उनकी समस्याओं से अवगत हुए। चिंगपाल में घर-घर जाकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने जनमानस से सीधे संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं उनकी बातों को सुनकर उनसे चर्चा किया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य संपति नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, लखीधर बघेल, आरेंद्र सिंह, संरपंच जयराम, भोला श्रीवास्तव, संतोष बघेल, जयमनी मौर्य, विष्णु प्रताप कश्यप, थैलेश सेठिया, नारायण कुरानी, ललिता कश्यप, मेघनाथ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल रहे।

### मांग के अनुरूप हो रहे विकास कार्य

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 12 वर्षों में केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य हुआ। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं को ध्यान में रखकर योजनाएं लागू किया गया है। आज देश के नागरिक अपने सपनों को साकार होते देख रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में विकास, सामाजिक न्याय, गरीब कल्याण और बुनियादी सुविधाएं के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे हमारी सरकार वचनबद्ध है। क्षेत्र में जनमानस के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं को लेकर हम लगातार कार्य कर रहे हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष ने साड़गुड़, अलनार कुंरदी व चिलकूटी में लगाई चौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शनिवार को नानगुर मंडल में ग्राम साड़गुड़, अलनार, कुंरदी एवं चिलकुटी में मातागुड़ी, देवगुड़ी प्रांगण में पेड़ के नीचे जनचौपाल लगाकर सीधे संवाद किया। जनकल्याणकारी विकास कार्यों के संबंध में ग्रामीणजनों, हितग्राहियों, लाभार्थियों से सीधे संवाद कर जनहित के विषय पर चर्चा किया। श्री देव ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे में सर्वप्रथम देवगुड़ी एवं मातागुड़ी में मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। लोगों से संवाद करते हुए कहा कि किसान, गरीब, युवा एवं महिलाओं के हित को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्तमान में देश के नागरिक अपने सपनों को साकार होते हुए देख रहा है। देश में विकास, सामाजिक न्याय, गरीब कल्याण और बुनियादी सुविधाएं के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान मंडल प्रभारी सुब्रतो विश्वास, लखीधर बघेल, मंडल अध्यक्ष हरि राम मंडावी, महामंत्री चंद्रकांत सेठिया, संरपंच शोभावती, धनसाय भारती, नीलाम्बर सेठिया, लखमूराम बघेल, मानसाय, अमर गुप्ता, रमेश सेठिया, रामसिंह ठाकुर, मनोहर सेठिया, राधे सेठिया, कमलोचन, जयमन, पीताम्बर, कमल कुमारी, करूणा, शंकुतला, सावित्री एवं बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मियाजाकी आम के उत्पादन के लिए ट्री मेन सम्पत झा को मिला उत्कृष्ट सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- वैश्विक पटल पर चमकेगा बस्तर के आमों का अनूठा स्वाद
- मैंगो महोत्सव 2.0 को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की तैयारी

बस्तर अंचल की समृद्ध जैव-विविधता और अद्वितीय कृषि संपदा को वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जगदलपुर के क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र परिसर में दो दिवसीय भव्य बस्तर आम महोत्सव का गरिमय आयोजन संपन्न हुआ। महोत्सव ने न केवल क्षेत्र के पारंपरिक और हाइब्रिड आमों के अनूठे संसार को प्रदर्शित किया, बल्कि स्थानीय किसानों और युवाओं के हुनर को भी एक नई पहचान दी। महोत्सव के समापन सत्र के मुख्य अतिथि कलेक्टर आकाश छिकारा ने वहां लगाई गई प्रदर्शनी का आत्मीयता से अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में शामिल आम की विविध और दुर्लभ प्रजातियों को बेहद रुचि के साथ देखा और बस्तर की इस समृद्ध प्राकृतिक विविधता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं द्वारा आम से तैयार किए गए विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पादों की गुणवत्ता को भी सराहा और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक बेहतरीन प्रयास बताया। समापन समारोह के दौरान उन्होंने दुर्लभ मियाजाकी आम के सफल उत्पादन एवं संरक्षण के लिए ट्री मेन सम्पत झा को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उत्कृष्ट सम्मान किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता किसानों और आम के प्रसंस्कृत उत्पादों जैसे अचार, अमचूर, पना और मैंगो पल्प की स्टॉल लगाने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



इस सफल आयोजन के बीच प्रशासन ने भविष्य की एक और बड़ी कार्ययोजना की नींव रख दी है। पहले संस्करण की शानदार सफलता के बाद अब बस्तर में मैंगो महोत्सव 2.0 के दूसरे संस्करण की भव्य तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर द्वारा इस महोत्सव को आने वाले समय में एक राष्ट्रीय महोत्सव के रूप में स्थापित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि बस्तर को आम के क्षेत्र में देश-दुनिया में एक प्रमुख और विशिष्ट स्थान दिलाया जा सके। इस आगामी राष्ट्रीय स्तर के आयोजन को लेकर पूरी टीम बेहद सक्रिय है और सभी आवश्यक पहलुओं को सुनिश्चित करने में जुटी है, जहां देश भर के आम उत्पादक किसान, उपभोक्ता, व्यापारी, खरीदार और विक्रेता एक ही मंच पर एकत्रित होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गणेश नाग सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में किसान, वैज्ञानिक और महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मेरा नहीं अभियान से जुड़े लोगों का सम्मान

ट्री मेन सम्पत झा ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि बस्तर की उर्वर माटी, प्रकृति प्रेमियों, किसानों एवं उन सभी साथियों का है जो वृक्षारोपण और फलदार पौधों के संरक्षण के अभियान से जुड़े हैं। मेरा विश्वास है कि यदि हम आज एक पौधा लगाते हैं, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### जैविक खेती की अपार संभावनाएं

कलेक्टर छिकारा ने कृषि में स्थिरता, स्वास्थ्य और जैविक प्रमाणन के महत्व पर विशेष जोर दिया। पंजाब और राजस्थान के कुछ क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए उन्होंने रेखांकित किया कि दूसरी हरित क्रांति के दौरान रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं और कैंसर जैसी बीमारियां तेजी से फैली हैं, जिससे सबक लेते हुए आज के समय में रसायन-मुक्त और प्राकृतिक खेती की सख्त जरूरत महसूस हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर में प्राकृतिक और जैविक खेती की अपार संभावनाएं हैं, जिसके लिए हमें कृषि में आधुनिक तकनीकों, जैव-कीटनाशकों और श्री विधि जैसी उन्नत प्रणालियों को अपनाना होगा ताकि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों को पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके।

# सेंट्रल जेल में किया गया वृक्षारोपण आक्सीजोन में तब्दील हुआ परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को केन्द्रीय जेल जगदलपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सहायक जेल महानिरीक्षक अमित शांडिल्य की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजाति के पौधे इन्द्रावती नदी किनारे स्थित जेल परिसर में रोपे गए।

- परिसर स्थित इन्द्रावती नदी के किनारे लगाए गए कटहल, आम, जामुन व अर्जुन के पौधे
- नौ साल से किया जा रहा वृक्षारोपण, परिसर हुआ हरा भरा

गौरतलब है कि बीते नौ वर्ष से जेल परिसर में पौधारोपण किया जा रहा है। पूर्व में लगाए गए पौधे अब वृक्षों में तब्दील हो चुका है जिसके चलते जेल परिसर आक्सीजोन में परिवर्तित हो गया है और परिसर का वातावरण काफी खुशनुमा हो चुका है। शनिवार को भी जेल परिसर में अमित शांडिल्य सहायक जेल महानिरीक्षक की मौजूदगी में केन्द्रीय जेल परिसर में इन्द्रावती नदी के किनारे विभिन्न प्रजाति कटहल, आम, जामुन, अर्जुन के पौधो का जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के लिए वन विभाग द्वारा पौधे उपलब्ध कराये गये थे।





इससे पूर्व जेल अधीक्षक रहे श्री शाडिंल्य द्वारा विगत 9 वर्षों में विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपित किए जा चुके हैं इनमें से अधिकांश पौधे विकसित हो चुके हैं जिससे इन्द्रावती नदी के किनारे आक्सीजोन निर्मित हो गया है। उक्त पौधों का रख रखाव जेल प्रशासन द्वारा किया जा रहा हैं।

गौरतलब है कि पूर्व जेल अधीक्षक द्वारा जिला प्रशासन बस्तर, वन विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य स्थानीय स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वर्ष 2017 से 2023 तक वृहद वृक्षारोपण किया गया था जिससे चलते वर्तमान में इन्द्रावती नदी के किनारे आक्सीजोन निर्मित हो गया है।



# रक्तदान महान सेवा, जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 241 बस्तरिया बटालियन ने रविवार को सेडवा स्थित वाहिनी मुख्यालय में स्व. बलिराम कश्यप मेमोरियल राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 241 बस्तरिया बटालियन के अधिकारी व जवानों सहित 24 कार्मिकों ने रक्तदान के लिए भाग लिया।

इस अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ने रक्तदान करने वाले सभी जवानों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है जिससे जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी कार्मिकों को भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस विश्व रक्तदान दिवस पर अधिकारियों एवं जवानों ने जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्तदान करने की शपथ भी ली। इस दौरान प्रसोद कुमार मीणा उप कमाण्डेन्ट एवं सभी अधिकारी, जवान एवं चिकित्सा अधिकारी एवं टीम मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कुरूषपाल में चलाया योग शिविर

# ध्यान, कपालभाति, अनुलोम विलोम एवं स्वस्थ दिनचर्या की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव बकावंड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग पखवाड़ा का आयोजन किया। यह 8 से 14 जून तक ग्राम कुरुषपाल में आयोजित हुआ। योग शिविर के द्वितीय सप्ताह का आयोजन चयनित ग्राम में होगा। योग पखवाड़ा का उद्देश्य ग्राम वासियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। योग के विभिन्न आयाम जैसे ध्यान, प्राणायाम, आसन, वर्जिश को प्राथमिकता देकर ग्रामवासियों को सजग एवं स्वस्थ बनाना है। प्रथम



सप्ताह में कुरुषपाल की सरपंच शर्मिला कश्यप के सहयोग से सामुदायिक भवन में योग एवं अभ्यास करने की व्यवस्था की गई और ग्राम वासियों को योग पखवाड़ा के लिए सूचना दी गई। जिसमें 20 से 25 ग्राम वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर ने योग प्रशिक्षण दिया । इस दौरान ध्यान, भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों में सर्वांगासन , मंडूकासन, ताड़ासन ,गरुडासन, हंसमुखासन, सूर्य नमस्कार के बारे में प्रशिक्षण दिया और स्वस्थ दिनचर्या की जानकारी दी गई।

तृतीय दिवस को स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास करने के उपरांत योग के प्रति जागरूकता के लिए जागरूकता नारा किया। कक्षा 11वीं के स्वयंसेवकों ने इसमें हिस्सा लिया और सरपंच ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। ग्रामवासियों को योगाभ्यास से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समापन दिवस में सरपंच ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। उसके बाद योगार्थियों ने पुष्पगुच्छों से स्वागत एवं बच्चों द्वारा निर्मित सप्रेम प्रतीक चिह्न प्रदान कर शिविर का समापन हुआ। विद्यालय की प्राचार्य मोनिता पानिग्राही के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### ये रहे मौजूद

शिविर में निकिता कश्यप, गरिमा कश्यप, तोलेश्वरी भारती, स्वाति सेठिया, कुसुम कश्यप, चंद्रिका गोयल, खुशबू कश्यप, हीरामनी कश्यप , आरती कश्यप, सीनू कश्यप, नैना भारती, यामिनी कश्यप, फूलमती बघेल, मोनिका कश्यप, रोशनी नाग, चांदनी बेसरा, प्रेम कुमार बघेल, कु.काजल कश्यप, महेंद्र भारती ,छोटू कश्यप, भुवनेश्वर भारती, नित्यानंद कश्यप, तुलेश्वरी कश्यप, कृति बघेल एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।